**खबर संक्षेप**

## आपदा प्रबंधन की बैठक का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना बताई गई है। वर्षाकाल प्रारंभ हो चुका है। वर्षा के दौरान बाढ़, अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली का गिरना, आंधी-तूफान आदि जैसी अन्य आपदा की स्थिति निर्मित होती है। प्राकृतिक आपदा संबंधी समस्या से निपटने के लिये आपदा के पूर्व तैयारी के सबंध में 09 जून 2025 को समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारीगणों से इस बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## एक सहकारी संस्था के लिये परिसमापक नियुक्त

**छिंदवाड़ा।** उप आयुक्त सहकारिता छिंदवाड़ा के आदेशानुसार मध्यप्रदेश सहकारिता अधिनियम 1960 की धारा 70(1) के अंतर्गत 01 सहकारी संस्था दीनदयाल अंत्योदय महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित छिंदीपातालकोट के लिये सहकारिता विस्तार अधिकारी तामिया श्री आर.के.कामले को परिसमापक नियुक्त किया गया है। इसीलिये म.प्र. सहकारी सोसायटी नियम 1962 के नियम 57 (सी) के अंतर्गत संस्था के सभी दावेदारों को एतद द्वारा सूचित किया गया है कि वे संस्थाओं के विरुद्ध अपने सभी दावों को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की दिनांक से दो माह के अंदर मय साक्ष्य के यदि हो तो सहकारिता विस्तार अधिकारी तामिया श्री आर.के.कामले को कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें छिन्दवाडा कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। त्रुटि की दशा में साहूकारगण/दावेदारगण किसी भी लाभ के बटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे। यदि दो माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जायेगा तथा संस्थाओं की लेखा पुस्तकों में लेखाबद्ध सभी दायित्व स्वमेव परिसमापक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी तामिया श्री आर.के.कामले को प्रस्तुत किए गए।

### लापरवाही: तमाम प्रयास के बाद भी नहीं सुधर रहे यातायात व्यवस्था के हालात

# खानापूर्ति के नाम पर हो रही वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



परिवहन विभाग वसूली के लिए पहले से ही बदनाम है। परंतु जब यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं चल रही हो और वाहनों की जांच सिर्फ खानापूर्ति के लिए हो तो वसूली के आरोप पुख्ता नजर आते है और ऐसा ही वसूली का गंदा वातावरण जिले में खुलकर चल रहा है जहां परिवहन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जमकर वसूली कर रहे है।

शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। चाहे दोपहिया चालक हो या चौपहिया वाहन चालक सभी नियमों को ठेंगा दिखा कर नियमों का उल्लंघन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। कहने को तीसरी आंख से शहर की सारी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। लेकिन उसके बाद भी वाहन चालक बिना किसी खौफ के यातायात के नियमों का उल्लंघन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

शहर की सड़कों पर इक्का दुक्का ही लोग हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करते हुए ही नजर आते है। साथ ही एक दोपहिया पर तीन तीन लोग सवारी करते हुए अक्स्स देखे जा सकते है।चौपहिया चालक बिना सीट बेल्ट लगाकर ड्राइव करते समय फोन में बात करते हुए देखे जा सकते है। रेड सिंग्नल को जंप करना। सिंग्नल पर बिना रुके साइड से निकल जाना यह सब अब आम बात हो गई है।

बात करें चालानी कार्यवाहीकी तो समय समय पर पुलिस अभियान चलाकर वाहनो की जांच कर कार्यवाही करती है। लेकिन कुछ दिनों के बाद हलात जस के तस हो जाते है। इन्हीं कारणों के चलते आये दिन सड़क हादसे में निरंतर इजाफा हो रहा है।

### नियमों को तोड़ने में महिलाएं भी कम नहीं

यातायात के नियम सभी के लिए एक समान होते है। और सभी लोगो को नियमों का पालन करना बहुत अनिवार्य होता है। उसके बाबजूद यातायात के नियमों को तोड़ने में पुरुषों के साथ महिलाएं नियमों को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इससे आप अंदाजा लगा सकते है कि शहर में यातायात के क्या हालात है।

### मात्र 3 सिंग्नल उसमें भी पुलिसकर्मी नदारद

अन्य जिलों की अपेक्षा छिंदवाड़ा शहर तेजी से महानगर तर्ज पर बढ़ रहा है। लेकिन जैसे जैसे शहर बढ़ रहा है। वैसे-वैसे ही वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन यातायात व्यवस्था वही पुरानी पटरी पर चल रही है। शहर का दायरा भी बढ़ गया लेकिन उसके बाबजूद पूरे शहर में मात्र 3 सिग्नल ही लगे हुए है। और खास बात यह है कि यह सिंग्नलो में नियमों का पालन कराने के लिए कभी कभार कोई पुलिसकर्मी नजर आता है। नहीं तो अधिकांश समय इन सिग्नली पर कोई भी पुलिस कर्मी मौजूद नहीं होता है।

### ऑटो चालकों की मनमानी

शहर कि यातायात व्यवस्था बिगाड़ने में सबसे आगे ऑटो चालक है। सवारियों की बैठाने की जहद में सड़क में कही ऑटो खड़ी कर सवारियों को भरने लगते है। न ही इन्हें प्रशासन का डर है और न ही किसी प्रकार का भय है।

### वार्डवासियों पर ही गाली गलौच का आरोप

## भाजपा महिला जिलाध्यक्ष गरिमा दामोदर के खिलाफ कोतवाली में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



इन दिनों भाजपा के पार्षद सत्ता के गुरूर में मदमस्त नजर आ रहे है। आए दिन थानों में उनके विवाद चर्चा का विषय बने हुए है। यद्यपि भाजपा की सरकार होने के कारण पुलिस ने भी कुछ मामलों में सत्ताधारी दल के पार्षदों के पक्ष में ही कार्रवाई की है। मगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन बड़ा बवाल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ऐसी ही शर्मनाक घटना वार्ड नंबर 26 की पार्षद गरिमा दामोदर के द्वारा किया गया जिसमें वे अत्यंक घृणित अंदाज में गाली गलौच करती वायरल हुई, वहीं उनके पति मोबाइल छींनते हुए नजर आ रहे है। भाजपा के पार्षदों पर सत्ता के गुरूर ने एक बार फिर आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। अभी पिछले सप्ताह ही वार्ड क्रमांक दो के पार्षद राहुल बंटी उइके ने भी देहात थाने में मारपीट कर नितेश बेलवंशी के विरूद्ध केस दर्ज करवाया था। जिस पर भाजपा नेताओं के फोन आने के बाद नितेश पर केस दर्ज कर किया गया और उसे 151 की कार्रवाई में एक दिन जेल में भी रखा गया। भाजपा पार्षदों की इस तरह की मस्ती एक दिन भाजपा के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इस पर कोई दोहमत नहीं शिकायतकर्ता पूजा श्रीवास्तव ने गंभीर आरोप लगाए है।

## जमकर बिक रही अवैध शराब, विभाग मौन, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहर सहित ग्रामीण अंचलों में संचालित हो रही शराब दुकानों के ठेकेदारों के बीच शराब बेचने को लेकर जमकर घमासान मचा हुआ है। हालात यह है कि शहर की दुकानों की शराब ग्रामीण अंचलों में तो ग्रामीण अंचलों की शराब दुकानों की शराब को शहर के क्षेत्र में बेची जा रही है।



दरअसल जो शराब ठेकेदार सिंडिकेट शामिल नहीं हुए है। वह सिंडिकेट क्षेत्र की दुकानों में अवैध रूप से शराब सप्लाई कर रहे है। तो सिंडिकेट के शराब ठेकेदार उनके क्षेत्र में शराब सप्लाई की जुगत में लगे है। वर्तमान में शहर की यह स्थिति है कि महज एक कॉल में आपको शराब की होम डिलेवरी सुविधा मिल रही है।

बकायदा शराब ठेकेदार के गुर्गे के नम्बरों पर कॉल करो शराब का ब्रांड बताओ और कुछ ही देर में आपके बताए हुए स्थान पर शराब की डिलेवरी कर दी जाती है। जबकि यही शराब शासकीय दुकानों में महग दामों में है। लेकिन यह उनके द्वारा 100 से 200 रुपये कम में बेची जा रही है।

बता दे की दो वर्ष पहले पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शराब दुकानों के बाजू में चलने वाले आहतों को बैन कर दिया था। जिसका उद्देश्य शराब खोरी को कम करने का था लेकिन इसके विपरीत आबकारी विभाग खुद के अपने विभाग के नियमों का प्लान करने में कतरा रहे है। वर्तमान में अभी भी हर शराब दुकान के बाजू में अवैध आहतों को भी बेधड़क रूप से चल रहे है। ऐसा नहीं है इसकी जानकारी आबकारी विभाग को नहीं है। उसके बाबजूद भी आबकारी अधिकारी इन्हें बंद कराने के लिए किसी भी प्रकार की कार्यवाही से बचते हुए नजर आते है। इससे शहर की शांत फिजा पर भी असर पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि आबकारी विभाग को इस मामले की जानकारी नहीं है। लेकिन उसके बाबजूद भी आबकारी विभाग के कार्यवाही न करने पर सवालिया निशान उठ रहे है। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं आबकारी अधिकारियों ने शराब ठेकेदारों को मौन स्वीकृति दे दी है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर एक पेड मां नाम 2.0 के का शुभारंभ



**छिन्दवाडा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के शर्मा के संरक्षण में व इको क्लब प्रभारी डॉ रितु शर्मा के मार्ग दर्शन में महाविद्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹एक पेड मां के नाम 2.0 के अंतरगत₹ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों द्वारा गुलमोहर,अमलतास, सप्तऋषि, जाम,गुलहड आदि के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर ईको क्लब के सक्रिय सदस्य विशाल सलामे ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 5 जून से पुनः एक पेड़ माँ के नाम 2.0 योजना का शुभारंभ किया गया है जिसमें इस सत्र भर पृथ्वी को सुन्दर व हरा भरा युक्त बनाने के लिए पौधारोपण किया जाएगा महाविद्यालय ईको क्लब इकाई द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत छात्रों द्वारा बढ़-चढ़ कर पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लिया गया इस अवसर पर इको क्लब के सक्रिय सदस्य विशाल सलामे, संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे, अमित कुमार, विशाल वाडीवा, दिव्यानशु मालविया,राजनंदनी उइके, वृंदा डेहरिया, हिना खान आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

### छिंदवाड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नाबालिक से बलात्कार करने वाला महाराष्ट्र राज्य से फरार आरोपी को छिंदवाड़ा पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर महाराष्ट्र पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे जी के निर्देशन मे महिला सुरक्षा शाखा प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक प्रियंका पाण्डे, महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत के नेतृत्व में के महिला थाना छिन्दवाड़ा की टीम द्वारा माननीय न्यायालय एस. आई. श्रीखण्डे अतिरिक्त सेसन जज नागपुर अप.क्र.919/21 धारा 376,376(2)(J)(M)IPC 4,8,12 पास्को एक्ट के (आरोपी) अविनाश पिता दिनिया इन्द्रोरकर उम्र 27 वर्ष निवासी गुलसन नगर जैन शालेजवल,थाना कलमना नगर) जिला नागपुर (महाराष्ट्र) का गिरफ्तारी वारंटी की सूचना प्राप्त हुई।

उक्त मामले का आरोपी जिला छिन्दवाड़ा में फरारी काट रहा हैं, जिसकी सम्पूर्ण जानकारी कलमना नगर थाना से प्राप्त की गई, आरोपी के वर्तमान निवास की पतासाजी की गयी, जो (आरोपी) अविनाश इन्द्रोरकर को दबिश/ घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसकी सूचना तत्काल थाना कलमना नगर जिला नागपुर (महाराष्ट्र) को सूचना दी गई, महाराष्ट्र पुलिस टीम की उपस्थित होने पर मामले के आरोपी को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम प्र.आर.145 संजय सिंह ठाकुर, का.वा.प्र. आर. 140 इन्द्रजीत सिंह ठाकुर, आर. 156 अशोक वर्मा, म.आर.820 अर्चना रघुवंशी के द्वारा मेहनत व लगन से आरोपी की गिरफ्तारी मे विशेष सराहनीय भूमिका रही हैं। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## मातृशक्ति ने किया महिला खिलाड़ियों का सम्मान

**छिंदवाड़ा।** जिला स्तरीय बैडमिंटन सीनियर जुनियर प्रतियोगिता का अंतिम चरण के मैचों का आयोजन ओलिंपिक स्टेडियम में किया जा रहा है सिमें जिले भर के जुनियर व सीनियर महिला पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे है 8 जून को मुख्यतः तीसरे चक्र के मुकाबले कोयलांचल एवं छिंदवाड़ा नगर के खिलाड़ियों के मध्य खेले गए इस स्पर्धा में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो रहा है इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि श्रीमती पारुल विजय पांडे , श्रीमती मीतल जुनेजा , श्रीमती इति शर्मा , श्रीमती आयुषी पांडे , श्रीमती मीना ठवरे , श्रीमती अलका रघुवंशी , पूर्व राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी अनामिका मेहता व खेल प्रशिक्षक मेखिला सरवैया ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया साथ ही छिंदवाड़ा जिले की उत्कृष्ट व प्रतिभाशाली नवोदित 10 खिलाड़ी व 5 महिला प्रशिक्षकों को मेडल टीशर्ट प्रमाणपत्र व ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया ये खिलाड़ी इस प्रकार है वानी साहू , अक्षिता , पलक , मुदिता, पंखुड़ी , मिठास, बंदगी, आस्था , खुशी , लवीना व कोच महिमा यादव , इशिका विश्वकर्मा, निष्ठा डेहरिया, लक्ष्मी मार्को, संचारिका को पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विशिष्ट अतिथियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षकों का आभार जताया श्रीमती पारुल पाण्डेय ने कहा कि छिंदवाड़ा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है तथा यहां की महिला खिलाड़ी जिला स्तर , संभाग स्तर , व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हम सभी को गौरांवित कर रही है श्रीमती पांडे ने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए उनको अपने खेल सुधार कर अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।



## कठोर संघर्ष के बाद दिलीप ने पाया मुकाम

### ढेरों सफलताओं के बाद अब बने अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शिखर बने ही होते हैं निडर के लिए, न कि कायरों के लिए। विलासी सुविधाएं दुविधाएं पैदा करती हैं, सही योद्धा तो संघर्षों में तपकर निकलते हैं। कमल कीचड़ में खिलते हैं, महलों में नहीं। जो अभावों की कोख में पले, वो ही इतिहास रचे। स्वाध्याय इतना उत्कृष्ट हो कि कोचिंग को मात दे दे। छात्र वही जो कोचिंग को निर्बल छात्र की शरणस्थली साबित कर दे। कीचड़ भरी पगडंडियों ने नापा राजपत्रित प्राध्यापक बनने का हौदा।

जीते वही जो पूर्व के मिथक तोड़ दे। जो मां बाप गुरू के आशीर्वाद पर पले, वो ही तपस्वी, तेजस्वी और ओजस्वी बने। ऐसा ही कर दिखाया है अमरवाड़ा तहसील के ग्राम सारसडोल निवासी पिता के. एल. डहेरिया एवं माता श्रीमती रुखमिनी डहेरिया के होनहार बेटे दिलीप डहेरिया ने हिन्दी मीडियम से पढ़ाई करके अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक बनकर। दिलीप ने प्रथम कक्षा से लेकर एम. ए. अंग्रेजी तक टॉप करते हुए बिना किसी कोचिंग के अंग्रेजी में नेट, एम.पी.सेट, एम.पी. टेट व केंद्र सरकार की सी.टी.ई.टी. जैसी शिक्षक बनने वाली परीक्षाओं को अनेक बार पास ही नहीं किया है, अपितु प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग में मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अभावों की भट्टी में पककर फौलाद बने पशु चारण करते हुए दिलीप ने आज जो मुकाम हासिल किया है, वह किसी भी गरीबी में पले छात्र के लिए अपने कैरियर निर्माण के लिए मील का पत्थर साबित हो सकता है। दिलीप ने यह सिद्ध कर दिया है कि अगर उड़ान में हौसला है तो, आसमां पर कब्जा किया जा सकता है। अगर जिद में संकल्प है तो चट्टानों की छाती से दूध निकाला जा सकता है। स्थिरप्रज्ञ को कुछ भी मुश्किल नहीं है। आसमां में उड़ने वाले आसमां का कद नहीं नापते हैं।

## खापाभाट में कांग्रेस की बैठक संपन्न



**छिंदवाड़ाः** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशन पर शहर पूर्व उप ब्लॉक के अंतर्गत वार्ड क्र. 10 खापाभाट कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक संपन्न हुई । बैठक में बूथ कांग्रेस कमेटियों को मजबूत किये जाने, समन्वय से कार्य करने एवं जनहित के मुद्दो को लेकर विचार विमर्श किया गया । उक्त बैठक में चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह, गुंजन शुक्ला, शैलेष ठाकुर, राजेश चौधरी, अरूण शर्मा, राजेन्द्र नाथ, राजेन्द्र अवस्थी, प्रदीप विश्वकर्मा, दुर्गेश उइके, संतलाल इवनाती, रोमी यादव, राहुल बंदेवार, रामप्रसाद, बसोड़ी पन्द्राम, सतीश चौरिया, विनोद परतेती, प्रमोद मरकाम, संदीप यादव, बलराम बड़खाने सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## थावरीकला के शारदा माई गौशाला में सेवा संकल्प सोसाइटी ने बनाई नर्सरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद भोपाल समृद्धि योजनांतर्गत वृहद पौधारोपण को ध्यान में रखते हुए विकास खंड अमरवाड़ा की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर 05 द्वारा आदर्श ग्राम थावरी कला में परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशन में एवं ब्लाक समन्वयक सुश्री वंदना राकेशिया के मार्गदर्शन में श्री शारदा गौशाला परिसर के बाहर थाबड़ी में सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति थावरी द्वारा ग्राम में आदर्श नर्सरी कि स्थापना कि गई जिसमें करीबन दो हजार पौधे तैयार करने की योजना है नर्सरी में वन औषधि, फलदार, और छायादार बीजों का बीजारोपण किया गया। वृंदावन गौशाला सेवा समिति के अध्यक्ष श्री वृंदावन वर्मा ने बताया कि म.प्र.जन अभियान परिषद के माध्यम से संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा पर्यावरण एवं जनमानस की सेवा के लिए यह अभिनव पहल है ऐसे कार्य हम निरंतर करते रहे आज आप सभी गौशाला आए और गौमाता की सेवा की है यह बहुत ही सराहनीय एवं नेक कार्य है आपकी संस्था निरंतर अच्छे काम कर रही है ।

## ब्रम्हकुमारी संस्थान के नए केंद्र में पांच दिवसीय शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में नीरजा तिवारी वाली गली पटेल मंगल भवन के पीछे ब्रह्माकुमारी संस्थान के नए केंद्र में पांच दिवसीय शिविर 9 मार्च दिन सोमवार से 13 मार्च दिन शुक्रवार तक प्रातः 7:30 से 8:30 तक एवं संध्या शाम 6:00 बजे से 7:00 तक निशुल्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । इस शिविर के मुख्य वक्ता जबलपुर से पधारे आदरणीय राजयोगिनी बीके मीना दीदी द्वारा ₹आओ करें खुशियों से दोस्ती₹ खुशनुमा जिंदगी विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्य रूप से खुशी आपके हाथ में, शांति एवं सुख की अनुभूति, संबंधों में मधुरता, आंतरिक यात्रा एवं संकल्प शक्ति, आंतरिक शक्तियों का विकास आदि विषयक कार्यक्रम होंगे । इसी क्रम में नई आबादी नरसिंहपुर रोड में ब्रह्मा कुमारीज के विश्व दर्शन भवन में दिनांक 9 जून से 13 जून प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया है। नगर वासियों से संस्थान की प्रमुख बीके गणेशी दीदी द्वारा अनुरोध किया गया है, की अधिक से अधिक संख्या में स्वयं को और अपने बच्चों को इस पांच दिवसीय शिविर में भाग लेकर अवश्य अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे । इस शिविर के संचालन हेतु मध्य भारत सुप्रसिद्ध मुख्य वक्ता आदरणीय ब्रह्माकुमारी मीणा बहन बहुमुखी प्रतिभा के साथ आध्यात्मिक जगत की उदयमान प्रतिभा है। आप राज योगा टीचर है, विगत 23 वर्ष से भारत के विभिन्न प्रांतो में स्कूल कॉलेज गवर्नमेंट ऑफिस हाई कोर्ट पुलिस कंट्रोल रूम भारतीय जेल अन्य स्थानों में मेडिटेशन और व्याख्यान के द्वारा बहुत लोगों को तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सीख रही है, अतः आप सभी से अपील है, अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ अवश्य उठाएं।



## सांसद बंटी विवेक साहू ने मोक्षधाम में किया भूमिपूजन



**छिन्दवाड़ा।** पातालेश्वर में स्थित मोक्षधाम में लंबे समय से अतिरिक्त टीन शेड की मांग की जा रही थी। नगरवासियों की इस मांग को पूरा करते हुए रविवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने मोक्षधाम में करीब 17 लाख रुपए की लागत से बनने वाले चार टीन शेड के निर्माण का भूमिपूजन किया। मोक्षधाम में टीन शेड का निर्माण हो जाने से अब अंतिम संस्कार करने में लोगों को परेशानी नहीं होगी। भूमिपूजन के अवसर पर मेरे साथ महापौर विक्रम अहके, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, राजू नरोटे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेंद्र अल्डक, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, रिजवान कुरैशी, मनोज सक्सेना, मनोज कुशवाहा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### संकल्प से सिद्धि तक एवं संगठन के कार्य को लेकर संपन्न हुई भाजपा राम मंदिर नगर मंडल तीन की बैठक

# वक्ताओं ने मोदी सरकार के ग्यारह साल की उपलब्धियां बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भाजपा नगर मंडल तीन की बैठक संतोष साहू एकेडमी में आयोजित की गई।जिसमें मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर और भाजपा नेता पंकज पाटनी ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करते हुए आवाहन किया कि जून माह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के ग्यारह वर्ष पूर्ण हो रहे है।

विकसित भारत का सपना देखने वाली और कार्यरूप में परिणत करने वाली सरकार के कामों को और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का मस्तक गर्व से ऊंचा करने वाली हमारी सेना के पराक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भाजपा सभी स्तर पर करने जा रही है। 9 जून प्रातः 9:30 बजे सांसद श्री बंटी विवेक साहू के द्वारा जिला चिकित्सालय में जन औषधि केन्द्र से दवाई लेने वाले मरीजों का सम्मान किया जाएगा, मंडल स्तर पर 13 जून को विकसित भारत संकल्प सभा और शपथ, तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र वालों का आयुष्मान कार्ड बनवाना, शक्ति केंद्रों पर चौपाल लगाकर विकसित भारत संकल्प शपथ, , 5 जून से 15 अगस्त तक पर्यावरण वृक्षारोपण अभियान, 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी 23 जून बलिदान दिवस एवं 6 जुलाई को जन्म जयंती , 25 जून को आपातकाल लोकतंत्र हत्या दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा , सभी को इन को सफल बनाने के लिए कार्य करना है। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आयोजन हेतु , समितियों का गठन किया गया। बैठक को श्री रत्नाकर आवारे, पंकज शुक्ला, मोरेश्वर हिवसे, गजेन्द्र बारस्कर, संतोष साहू , शरद बैंडे ने भी संबोधित किया।

बैठक में श्रीमती वंदना विश्वकर्मा, सुनील परतेटी, त्रिलोक राउत, बबलू पराते, मयूर पटेल, मनीष गुप्ता, मोहित बुनकर, ऋषभ ताम्रकार, रवि मालवी, शरद टोपीवाला, आलोक साहू निकुंज साहू, आशीष गुप्ता, मनमोहन चांडक, संदीप माहौरे, यश गुप्ता, राजू चौकसे, राजा गढ़वाल, विशाल गढ़ेवाल, आशुतोष गुप्ता, राजू पावर, अशोक साहू, मंगेश कपाले, राजेश चौरे, योगेश दास, अमन मापवी, शुभम राय, मनीष बनाईट, चंद्रप्रकाश ठाकुर, पवन हेड़ाऊ, प्रवीण साहू, यशवंत पटेल, आशीष साहू, चेतन सोनी, अनिल सोनी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विक्रेताओं पर दबंगई का आरोप, टेकड़ी वार्ड में अम्बाड़ा रोड का मामला

# सालों पहले बेचे प्लॉटों के सामने किया ओपन स्पेस कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



यहां टेकडी वार्ड में अंबाडा रोड पर सालों पहले प्लॉट बेचनेवाले लोग अब प्लॉट खरीदनेवालों पर दबंगई कर प्लॉट के सामने की खाली जमीन कॉम्पलेक्स बनाने के लिए अपने कब्जे में करने की कोशिश कर रहे है। इसके लिए कुछ ही दिनों पहले विक्रेता पक्ष अपने साथ 3 जेसीबी मशीनों और अनेक लोगों को साथ लेकर मौके पर आया था।

पुरानी रजिस्ट्रियों में प्लॉट बेचनेवालों के रूप में मो. इकबाल वल्द मो. शफी, मो. एजाज वल्द मो. शफी तथा इशरत परवीन सौज का नाम दर्ज है। बताया गया कि यह सभी छिंदवाडा निवासी है। प लॉ ट खरीदनेवाले मोहन कामडे, इरफान पठान तथा जगदीश टोंगसे ने बताया कि यहां अंबाडा रोड पर 10-12 लोगों के प्लॉट है। यह प्लॉट 35-40 साल पहले खरीदे गए है और हमारे प्लॉट डायवर्टेड है। सभी की बैनामा रजिस्ट्री में प्लॉट की चारों दिशाओं में क्या है यह दर्ज किया गया है। सभी रजिस्ट्रियों में प्लॉट की पश्चिम दिशा में पांढुर्ना - अंबाडा पीडब्ल्यूडी का रोड होना लिखा हुआ है।

प्लॉट क्रेताओं ने बताया कि सौदे के वक्त ऐसी बात हुई थी कि अंबाडा रोड भविष्य में चौडा होगा और इससे क्रेताओं को परेशानी ना हो इसलिए प्लॉटों के आगे 15-20 फिट स्थान रिक्त छोडा गया है। प्लॉटों के आगे रिक्त भूमि मिल रही है इसलिए उस वक्त हमारे पूर्वजों ने यहां प्लॉट खरीदे। उल्लेखनीय है पुरानी रजिस्ट्रियों में प्लॉटों के आगे विक्रेता की जमीन होने या ओपन स्पेस होने का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। क्रेताओं के अनुसार पांढुर्ना के जिला बनने के बाद जमीनों के दाम काफी बढ गए इसलिए विक्रेता पक्ष की नियत डोल गई। इसके बाद विक्रेता पक्ष ने तहसील न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर दिया।

बीती 27 मई को विक्रेता पक्ष प्लॉटों के सामने की रिक्त जमीन कब्जाने के उद्देश्य से पूरी तैयारी के साथ आया था। यहां उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी 2025 को एसडीएम न्यायालय पांढुर्ना द्वारा क्रेता पक्ष की मांग पर विक्रेता द्वारा संबंधित भूमि पर दखल नहीं दिए जाने के लिए स्थगनादेश जारी किया गया था।

## आरएसएस ने हिंदू संस्कार शिविर का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

राष्ट्रवाद, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन एवं संस्कार, समाजसेवा को समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया है। लगातार 11 दिनों तक चल रहे इस शिविर का समापन आगामी 10 जून 2025 को शाम 5 बजे किया जाएगा। बीते 10 दिनों से यह शिविर का आयोजन नगर के नंदलाल सूद स्कूल मैदान में किया जा रहा है। यहां पर बालकों को भारतीय संस्कृति, शारीरिक प्रशिक्षण, बौद्धिक विकास, योग, खेलकूद तथा राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत गतिविधियों की जानकारी लगातार दी जा रही है। प्रतिदिन सांध्यकालीन बेला में 2 घंटे के इस अवधि में बालकों को राष्ट्रीय प्रेम, समाज सेवा और व्यक्तित्व विकास हेतु अनुशासन की महत्ता पर योग्य प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस ग्रीष्मकालीन शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अनिमेष जैन के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन शिविर के सफल संचालन हेतु शंकर लाल सेन, नितिन राजोरिया, विशाल साक्कले, जितेंद्र सूर्यवंशी, विवेक आरसे, समीर वर्मा, अशोक पंडोले, नैतिक बड़ोनिया, करण यादव, पर्व साहू, पुनीत मालवीय, कुलदीप बरहैया, सागर धुर्वे, गोल्डी जैन, प्रवीण बेलसरे, कुलदीप रघुवंशी, रोहित लांबा एवं महावीर यादव का सतत सहयोग प्रदान प्राप्त हो रहा है।

### व्यक्तित्व विकास के लिए दिया जा रहा मार्गदर्शन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक के इस शिविर में प्रत्येक दिवस बालकों को राष्ट्र की गौरव गाथा, भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े संस्मरण का उल्लेख कर बालकों को इससे अवगत कराया जाता है इसके अतिरिक्त बालकों के व्यक्तित्व विकास हेतु योग, खेलकूद, व्यायाम, एवं न्यूद, दंड चलाने की प्रक्रिया से भी बालकों को पारंगत किया जा रहा है। इस शिविर के प्रतिदिन समापन पर आरएसएस के द्वारा जलपान एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की जा रही है।

## सर्वोदय अहिंसा के नारों से गूंज उठी आध्यात्म नगरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अध्यात्म धर्म नगरी गुरैया में अखिल भारतीय तारण तरण दिगंबर जैन युवा परिषद चैत्यालय इकाई गुरैया में ब्रह्मचारी सुनील जैन भिलाई के सानिध्य में चल रहे 6 दिवसीय संस्कार शिविर का भव्य समापन रविवार को सर्वोदय अहिंसा के पावन संदेश के साथ पुरस्कार वितरण कर हुआ। प्रातःकाल की मंगल बेला पर बच्चों की कक्षा के बाद संगीतमय मंदिर विधि का आयोजन कर देव - शास्त्र - गुरु - भगवन्तों की आराधना की, जिसमे ब्रह्मचारी सुनील जैन ने माँ जिनवाणी के सत्य स्वरुप, मंदिर विधि का अर्थ, योग ओर ध्यान के साथ अन्य विषयों को गहराई से समझाने का प्रयास किया।

संस्कार शिविर से बच्चों में नैतिक शिक्षा का बीजारोपण के साथ जैनदर्शन के मुख्य सिद्धांतों का क्रमिक अध्ययन करने का अवसर मिलता है, इस पवित्र कार्य के लिए उन्होंने आयोजकों का आभार माना।पुरस्कार वितरण समारोह हुआ आयोजित - शिविर समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता पंडित धन्यकुमार जैन ने की, सभा का सफल संचालन सवाई सेठ डॉ. सौभाग्य जैन ने किया, जिनके साथ संकेत जैन, हिमांशु जैन, चिराग जैन, नमन जैन, विनोद जैन, विभाष जैन, रुपेश जैन, सचिन सुरेश जैन सहित बड़ी संख्या में साधर्मी उपस्थित रहे। सभी ने शिविरार्थियों को सम्मानित किया।ये शिविरार्थी हुए पुरस्कृत -संस्कार शिविर में सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थियों में विशाल जैन, वैभव जैन, आरव जैन, कु. हर्षिता जैन, कु. पर्णश्री, शुभांश जैन, दक्ष जैन, कु. लवली जैन, कु. महक जैन, ऋषि जैन, कु. मौलश्री जैन, कु. अनिका जैन, तनिष जैन, ममल जैन, कु. नियति जैन, कु. कोयल जैन, नमन जैन, नयन जैन, संस्कार जैन, वेदांत जैन, कु. सोनम जैन, सुव्रत जैन, कु. जिनेंली, यश जैन, ग्रन्थ जैन, दिव्यांश जैन, भव्य जैन, दिव्यांश जैन, पर्व जैन, आर्जव जैन, कु.मानवी जैन, अंश जैन को पुरस्कृत किया।

## एकता प्रेस क्लब बिछुआ के अध्यक्ष बने प्रमोद, वहीं सचिव बने श्रवण

**बिछुआ।** रविवार को एकता प्रेस क्लब बिछुआ कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें क्लब के नए अध्यक्ष का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार प्रमोद श्रीवास को एकता प्रेस क्लब का अध्यक्ष बनाया गया वहीं सचिव पद पर पुनः पत्रकार श्रवण कामडे को सचिव बनाया गया एवं पूर्व अध्यक्ष ठाकुर जितेंद्र सिंह को सफल कार्यकाल के लिए सभी पत्रकारों ने उन्हें तिलक लगा माला पहनाकर कर बधाई दी साथ उन्हें अध्यक्ष पद से मुक्त किया गया वहीं सभी वरिष्ठ संरक्षकों एवं पत्रकार द्वारा नवनियुक्त एकता प्रेस क्लब अध्यक्ष पद पर प्रमोद श्रीवास कोह तिलक लगा माला पहनाकर कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्हें संगठन को मजबूती प्रदान करने की सलाह वरिष्ठों ने दी इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संरक्षक श्री सिरपत पवार, पूर्व अध्यक्ष मुस्तकीम खान,असलम खान, ठाकुर जितेंद्र सिंह,हेमराज मांडेकर,सुरेश परतेती,मुकेश कुरोठे, श्रवण कामडे,युनुस खान,शकील कुरैशी,रजत वानखेड़े,बलजीत सिंह चौहान उपस्थित रहे।

## चौरई विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्रामवासियों ने वन विभाग को जमतरा में दिए आवेदन



**बिछुआ।** रविवार को पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा जमतरा में वन विभाग द्वारा कुम्भपानी रेंज में आने वाले ग्राम पंचायत गुमतरा, पाथरी,जमतरा एवं कोनापिंडरई के लगभग 326 ग्रामवासियों के द्वारा वन विभाग को लिखित आवेदन दिए गए,ज्ञात हो कि शनिवार को माननीय सांसद विवेक बंटी साहू से सभी ग्रामीणों के निवासियों ने मुलाकात की थी एवं अपनी बात सांसद महोदय के सामने रखी,सभी की बातों को ध्यान से सुनकर सांसद महोदय ने संबंधित अधिकारियों को फोन किये, जिससे आज वन विभाग द्वारा कैंप लगाया गया एवं ग्रामीणों से आवेदन लिए गए।इस दौरान रविवार को ग्रामीणों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों ने भी वरिष्ठ अधिकारी से इस संबंध में चर्चा की।इस दौरान मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,रामसिंह पटेल,जनपद सदस्य बलबीर डेहरिया,एसडीओ बी पी तिवारी,वन परिक्षेत्र अधिकारी बलवंत केशवाल,दिलीप पटेल,रजत वानखेड़े सहित ग्रामीण जन एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

## गाईड के विद्यार्थियों ने रेल्वे स्टेशन पर रेल यात्रियों को दिया ठंडा पानी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार उपाध्याय बालाघाट एवं जिला संघ बालाघाट के नेतृत्व में 8 जून 2025 को जल सेवा शिविर का शुभारंभ रेलवे स्टेशन वारासिवनी में किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा यात्रियों के सूखे कंठको ठंडे पानी से तर किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडकी, पीएम श्री विद्यालय लड़सड़ा एवं एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया बडग़ॉव के गाइडों ने भाग लिया। इनका नेतृत्व गाइड केप्टन श्रीमती उमावती मार्को, गाइड केप्टन सुश्री रेवती उईके, गाइड केप्टन श्रीमती रत्न माला गौरे एवं जिला काउंसलर हरि प्रसाद देशमुख के नेतृत्व में यह सेवा कार्य रेलवे स्टेशन में किया गया। यह पुनीत कार्य को तपती गर्मी में राहत देने का काम किया और यात्रियों ने भी इस कार्य की सराहना की। स्टेशन प्रबंधक अमन शर्मा और टिकट काउंटर पर बैठने वाले श्री गोंडाने द्वारा बच्चों के सेवाभावी कार्य का निरीक्षण करते रहे। उन्होंने देखा कि यह कार्य बहुत ही अच्छा हैं, उन्होंने यात्रियों से भी फीड बैक लिया। उन्होंने कहा कि हमने इस तरह गाइड के द्वारा किया जाने वाला सेवा कार्य पहली बार देखा। जिसमें विद्यालय की बालिका नैन्सी चौधरी, रुचि चौरे, भाविका चौधरी, माही मेश्राम, सलोनी हनवत, प्रेमा वाघाड़े, स्मृति नोन्नारे, डाली राहंगडाले, भावना चित्रीव आदि ने भाग लिया। उन्होंने शाला की प्राचार्य नंदा रंगारी और गाइड छात्रों का तहदिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी तरह के कार्य भविष्य में भी सार्वजनिक स्थलों पर जैसे बस स्थानक केंद्र, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक चौक चौराहा पर भी आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा पेयजल पीला करके उनके आत्मा को तृप्त करने का कार्य किया गया हैं। जिसकी उन्होंने बहुत ही मुक्त कंठ से तारीफ की। जिला संगठन आयुक्त इनेंद्र डहरवाल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त डोली राम भगत, जिला कोषाध्यक्ष भेजेंद्र कुमार चौधरी, जिला सचिव राजकुमार टेम्भरे ने भी इस कार्य की सराहना की।

### रैयतवाड़ी में 06 घंटे रहा ब्लैक आउट

## फ्यूज जोड़ने बिजली कर्मचारी मांग रहा पैसा

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत जमुनिया के रैयतवाड़ी गांव में रविवार को करीब 06 घंटे तक ब्लैक आउट रहा. ट्रांसफार्मर में लगा फ्यूज उड़ने की वजह से यह समस्या बनी लेकिन इस समस्या के निराकरण के लिए बिजली कर्मचारी शिकायतकर्ता से समस्या का निराकरण करने के बाद पैसों की मांग करने लगा. ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है बल्कि कई बार पहले भी हो चुका है. रैयतवाड़ी में जब कभी किसी भी कारण से बिजली गुल होती है तो उसकी मरम्मत करने के लिए आने वाला बिजली कर्मचारी शिकायतकर्ता ग्रामीणों से पैसों की मांग करता है. जमुनिया में रहने वाला बिजली कर्मचारी को विभाग के ही लाईनमैन और वरिष्ट अधिकारियों को संरक्षण प्राप्त है जिस कारण वह अपनी मनमानी कर रहा है. ग्रामीणों की माने तो कई बार जब शाम के वक्त किसी कारण से बिजली गुल हो जाती है तो यह कर्मचारी काम नहीं करते और ग्रामीणों को पूरी रात अंधेरे में काटनी पड़ती है. जंगल से लगा गांव होने की वजह से वन्य प्राणियों को गांव में आने का खतरा भी बना रहता है।

रविवार को सुबह करीब 06 बजे रैयतवाड़ी गांव में लगे ट्रांसफार्मर में लगा फ्यूज उड़ गया. जिसकी सूचना ग्रामीणों ने लाइनमैन को दी. करीब 06 घंटे बाद यानी दोपहर 12 बजे के आस-पास सुधार कार्य किया और बिजली बहाल हो पाई. एक ग्रामीण ने बताया कि जिन लोगों ने गांव में बिजली गुल होने की शिकायत कर्मचारी को थी. वह कर्मचारी बिजली आने के बाद शिकायतकर्ता से ही पैसों की मांग करने लगा और शाम को आकर मिलने की बात कहने लगा. गौरतलब हो कि बिजली विभाग के इस कर्मचारी की आए दिन शिकायतें सामने आती रहती है लेकिन विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

## विधायक पटेल ने जनसम्पर्क कार्यालय में किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ वारासिवनी जनसम्पर्क कार्यालय में वृक्षारोपण किया। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने जाम, नीम, आम, पीपल, बरगद, जामुन के पौधे लगाए। इस दौरान राजकुमार चौधरी, गगन बिसेन, अनीश बेग, चंद्रविजय हरिनखेड़े मौजूद रहें। विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा हैं। जिससे मानव जीवन, जीव,जंतु, पेड़, पौधे पर बुरा असर पड़ रहा हैं। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शुद्ध वायु व शुद्ध जल आने वाली पीढियों का अधिकार हैं, यह तभी संभव है जब हम पर्यावरण का संरक्षण करेंगे और अधिक से अधिक पौधारोपण करेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर को हरा भरा कर प्रदूषण को कम करके पर्यावरण को बचाया जा सकता हैं। हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण में आगे आना चाहिए, जितने अधिक पेड़ होंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ होगा। वनों की संख्या लगातार कम हो रही हैं, जिससे धरती के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है।

## दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की जयंती पर दी गई श्रद्धांजली



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

स्थानीय नेहरू चौक स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नाम शिलापट स्थल पर दिवंगत श्रद्धेय बुद्धूलाल मराठे, श्रद्धेय सुमेरचंद जैन, श्रद्धेय मंसूर मोहम्मद एवं अन्य दिवंगत श्रद्धेय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जिनका जन्म 1 जून से 30 जून के मध्य हुआ हैं, उनका स्मरण करते हुए सामूहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्तराधिकारीगणों द्वारा मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम गगनभेदी नारों भारत माता की जय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर रहे, वंदे मातरम्-से शुरू हुआ। उसके बाद राष्ट्रीय गान गाकर सेनानियों को सलामी दी गई। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष दिलीप मराठे को अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कल्याण परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनने पर बधाई देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में संगठन अध्यक्ष राघवेंद्र अग्रवाल, डॉ वीरेंद्र जैन, दिलीप मराठे, मुन्नालाल मोदी, राजेश रूसिया, शरद डेकाटे, राजेश निखाडे, परमानंद बोरकर, महेश रूसिया, मंगेश चापूकर एवं श्रीमती ललिता भॅवरे उपस्थित रहे।

## चंदा और श्रमदान से ग्रामीणों ने बनाई सड़क : शासन-प्रशासन करता रहा उपेक्षा, आवश्यकता बनी मजबूरी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** अंत्योदय का दावा करने वाले भाजपा शासित मध्य प्रदेश राज्य के बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के खैरलांजी (अंबेझरी) गांव से शासन-प्रशासन को आईना दिखाने और अंत्योदय के दावे को झूठा ठहरा देने वाली तस्वीर सामने आई है. इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि गांव के बच्चों से लेकर बुर्जुग, युवक-युवतियां और पुरूषों से लेकर महिलाएं अपने हाथों में फावड़ा लेकर सड़क निर्माण कार्य में जुटी हुई है. जंगल के बीच बसे खैरलांजी गांव के ग्रामीणों ने एक नहीं बल्कि कई बार शासन-प्रशासन से खैरलांजी से सिलारी को जोड़ने वाले 02 किमी. के कच्चे मार्ग का निर्माण करवाने की फरियाद लगाई लेकिन जब निराशा ही हाथ लगी तो अपनी आवश्यकता के आगे मजबूर यहां के ग्रामीणों ने गांव में चंदा एकत्रित किया और फिर एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाकर कच्ची सड़क का निर्माण कर डाला ताकि बारिश के दिनों में आवागमन करने में कोई परेशानी ना हो. शनिवार से सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ और रविवार की शाम तक अच्छी और कच्ची सड़क बनकर तैयार हो गई. खैरलांजी गांव के प्रत्येक परिवार ने इस सड़क निर्माण में आर्थिक और श्रमदान कर सहयोग किया.



खैरलांजी वह गांव है जहां के एक शख्स को बीते दिनों हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने शिकार कर मौत के घाट उतार दिया था. इस घटना के बाद ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से खैरलांजी से सिलारी के बीच सड़क निर्माण करवाने की मांग रखी थी।

**5 सौ से लेकर 2 हजार तक दिया चंदा:** वन संपदा महुआ, तेंदपत्ता संग्रहित करने और पशु पालन पर आश्रित रहने वाले खैरलांजी गांव के ग्रामीणों ने अपनी-अपनी आर्थिक हैसियत के हिसाब से सड़क निर्माण के लिए 5 सौ रुपए से लेकर 02 हजार रुपए तक का सहयोग किया. आर्थिक सहयोग के अलावा हर घर के व्यक्ति ने निर्माण में श्रमदान किया. ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है. अंबेझरी से खैरलांजी तक पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क तो बनी है. इस रास्ते में एक पुलिया है जो बारिश के दिनों में राजीव सागर बांध में जल संग्रहित होने के बाद जलमग्न हो जाता है और करीब 09 माह पानी में डूबा रहता है. इस रास्ते एक कच्चा रास्ता है लेकिन इस रास्ते में भी गांव के तालाब ओवरफ्लो बना हुआ है अधिक बारिश के बाद इस रास्ते से भी आना-जाना बंद हो जाता है. ऐसे में गांव के लोग किसी भी प्रकार के कार्य के लिए और तहसील मुख्यालय तिरोड़ी आने-जाने के लिए खैरलांजी से सिलारी-जटामा होकर पीपरवानी के रास्ते सफर करते है. अंबेझरी से खैरलांजी मुख्य सड़क मार्ग पर ऊंचे पुल, गांव के तालाब के पास से गुजरने वाली सड़क के निर्माण और खैरलांजी से सिलारी को जोड़ने वाली जंगल के बीच की सड़क के निर्माण की मांग को लेकर लंबे समय से शासन प्रशासन को अवगत कराते आये हैं. मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, कलेक्टर सभी से मिलकर सड़क बनवाने की मांग कर चुके है. लेकिन किसी ने नहीं सुनी. अब बारिश आने वाली है, इसलिए आवागमन में जो सबसे सरल रास्ता बन रहा है उसे तैयार कर रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सिहारी चौराहा में एक ट्रक चालक द्वारा एक मोटरसायकल को टक्कर मार दी थी जिससे मोटरसायकल में सवार दो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये थे किन्तु उपचार के दौरान एक भाई की मौत हो गई। घटना के संबंध में आकाश पिता चुन्नीलाल गोस्वामी 24 वर्ष निवासी ग्राम डोरली ने बताया कि गत 20 मई को अपने बड़े भाई सुभाष गोस्वामी 27 वर्ष के साथ अपने जीजा की बहन की शादी समारोह में ग्राम दहेगांव गये थे उसी दिन करीब 4 बजे दोनो भाई मोटरसायकल से अपने घर ग्राम डोरली वापस आ रहे थे, मोटरसायकल आकाश गोस्वामी चला रहा था। अभी वे ग्राम सिहारी के चौराहा पर पहूंचे ही थे



कि बोलेगांव की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक एमपी 50 जेडसी 5801 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए चौराहे पर मोड़ते समय टक्कर मार दिया जिससे दोनो भाई मोटर सायकल सहित जमीन पर नीचे गिर गये। इस घटना में सुभाष गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि आकाश बाल-बाल बच गया। जिसके बाद आकाश द्वारा अपने जीजा नरेन्द्र मेश्राम को जानकारी देने पर 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल लांजी लेकर आये जहां चिकित्सको ने सुभाष की हालत गंभीर होने पर उसे गोंदिया रेफर कर दिया। जहां गोंदिया के यूनाईटेड हॉस्पिटल में सुभाष का 10-12 दिन तक ईलाज करवाकर घर ला लिए थे। किन्तु 7 जून शनिवार को सुबह करीब 7 बजे पुनः सुभाष की तबीयत खराब होने पर उसे शासकीय अस्पताल लांजी लेकर गये थे जहां चिकित्सको ने सुभाष मेश्राम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि आज

**सिवनी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी योद्धा बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि दिनॉक 9 जून 2025 दिन सोमवार को दोपहर 1.00 बजे कार्यालय जिला कॉंग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाई जाएगी। जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना ने समस्त कॉंग्रेस जनों से बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थिति हेतु अपील की है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**सिवनी।** जिले के खमरिया गांव के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घंसौर थाना पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक, पहाड़ी निवासी 25 वर्षीय नील इनवाती रात में घंसौर से अपने गांव लौट रहा था। खमरिया गांव के पास उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल नील को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नपा की प्रशासनिक व्यवस्था पटरी से उतरी

**सिवनी।** जनता द्वारा निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान को सत्ता का दुरूपयोग कर पद से प्रथक तो करा दिया, किन्तु कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका चलाने में नौसिखिऐं साबित हो रहें है या फिर उनकी अर्थलोलूपता के चलते नगर पालिका पटरी से उतर गई है। नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष शफीक खान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जब से ज्ञानचंद सनोडिया कार्यकारी अध्यक्ष बने है तब से नगरपालिका सिवनी में लगातार नलो से गंदा पानी रहा है। पार्षदो से झूठ बोला गया कि माचागोंरा डेम से पानी आने से पानी गंदा आ रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि सिवनी, बंडोल श्रीवनी जलशोधन यंत्र में पानी को साफ करने वाली एलम ब्लीचिंग पाउडर की मात्रा कम मिलाई जा रही है, नगरपालिका में जलप्रदाय के कर्मचारियों से जब पूछा गया, क्या कारण है कि एलम बिलिचिंग पाउडर की मात्रा कम मिलाई जा रही है तब उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा एलम ब्लीचिंग की आपूर्ति बंद कर दी गई है। श्री खान आगे बताया कि प्रश्न यह उठता है कि नगरपालिका में पूर्व में एलम ब्लीचिंग क्रय करने का एक वर्ष का सप्लाई आर्डर ठेकेदार को दे दिया गया था, ठेकेदार द्वारा लगभग 35 टन माल सप्लाई भी किया गया, फिर अचानक ज्ञानचंद सनोडिया के कार्यकारी अध्यक्ष बनते ही ठेकेदार द्वारा एलम ब्लीचिंग की सप्लाई क्यो बंद की गई। ऐसा प्रतीत होता है कि ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा ठेकेदार से एलम ब्लीचिंग सप्लाई करने के एवज में बडी रकम की मांग की गई है या फिर एलम ब्लीचिंग का ठेका अपने चहेतो को दिलाने के लिए उक्त ठेकेदार को परेशान किया जा रहा है, लेकिन इन्हें यह जरा भी चिंता नही है कि नगर में लोग गंदा पानी पीने को मजबूर है। आर्थिक रूप से समपन्न अधिकांश लोग डब्बे का पानी बुलाकर पी रहे है लेकिन गरीब लोग यही पानी पी रहें है जिससे की अनेक बीमारियों के शिकार हो रहें है।

### मप्रशि संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी।** दिसंबर को सेवानिवृत होने वाले शासकीय सेवकों को 1 जुलाई एवं 1 जनवरी की स्थिति में उनकी पात्रता अनुसार काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत कर पेंशन निर्धारण एवं पुनीरीक्षण हेतु स्वीकृति आदेश जारी करने के संबंध में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष श्री अविनाश पाठक के नेतृत्व में सचिव श्री संतोष सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष श्री के एल पटले ,संगठन मंत्री श्री अनिल शर्मा, एवं विजय शुक्ला के प्रतिनिधिमंडल द्वारा श्री सत्येन्द्र मरकाम सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सिवनी को एक ज्ञापन सौंपा गया। चर्चा के दौरान उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने संबंधित शाखा प्रमुख को तत्काल समुचित करवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया।

### रॉयल चैलेंजर्स ने अपने नाम खिताब दर्ज किया

**सिवनी।** बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अवसाद व तनाव से मुक्ति और खेलप्रतिभाओ की खोज को दृष्टिगत रखते हुए एड.राज गोस्वामी एवं संजय बघेल के मार्गदर्शन व निर्देशन मे समर वेकेशन में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का टूर्नामेंट महामाया प्रीमियर लीग गवर्नमेंट पी.जी कॉलेज भैरोगंज सिवनी के खेल मैदान 8 जून 25 को फायनल मुकाबला जनपद सदस्य ठा. भीष्म प्रताप सिह जी, युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष एड. युवराज राहंगडाले जी, जनभागीदारी समिति के कालेज अध्यक्ष एड अजय बाबा पाण्डेय जी के मुख्यआथित्य मे रायल चैलेंजर भैरोगंज टीम एवं महाकाल वाइस टीम के मध्य खेला गया

## सत्संग एक प्रयोगशाला है जहां मानव में मानवता को तराशा जाता है

# नवनिर्मित सदगुरु कबीर आश्रम का उद्घाटन

**छपारा।**

नगर छपारा में मनाये जा रहे सदगुरु कबीर प्राकट्य महा महोत्सव एवं त्रि दिवसीय सत्संग समारोह के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में कार्यक्रम के सभापति कबीर दर्शनाचार्य परम पूज्य आचार्य श्री श्री 108 श्री रामजीवन शास्त्री साहेब जी आचार्य पीठ कबीरधाम सागर के पावन सानिध्य में एवं ठाकुर रजनीश सिंह जी (विधायक केवलारी ) के मुख्य आतिथ्य तथा श्री नारायण प्रसाद जी कबीरपंथी पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन के विशिष्ट आदित्य में सर्वप्रथम धर्मध्वज की स्थापना की गई इसके पश्चात नवनिर्मित सदगुरु कबीर आश्रम (सत्संग भवन ) का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। सदगुरु कबीर साहेब के स्वरूप में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उपस्थित अतिथियों द्वारा पूज्य आचार्य श्री को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का भी सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सभापति आचार्य पीठ सागर से पधारे परम पूज्य गुरुदेव साहेब जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े ही परिश्रम और कठिनाई से यह मानव तन प्राप्त होता है, जिसे शास्त्रों में दुर्लभ बताया गया है। वही मनुष्य तन वर्तमान में हम सभी को प्राप्त हुआ है लेकिन इसे जानने और समझने के लिए जब तक हम सत्संग रूपी दरिया में गोता नहीं लगाएंगे , संस्कारों का जागरण नहीं करेंगे तब तक हम समर्पित भाव से सद्गुरु की भक्ति नहीं कर सकते। और जब तक हृदय में भक्ति उत्पन्न नहीं होगी तब तक सत्य ज्ञान हमारे हृदय में प्रकट भी नहीं हो सकता। और जब तक सत्य ज्ञान हमारे हृदय में प्रकट नहीं होगा तब तक हम मोक्ष अर्थात निर्वाण पद को प्राप्त नहीं कर सकते। अतः सत्संग जीवन मुक्ति के लिए महत्वपूर्ण घटक है । इसके बिना हम श्रेष्ठ एवं आदर्श जीवन का निर्माण नहीं कर सकते। सत्संग एक प्रयोगशाला है जहां मानव में मानवता को तराशा जाता है। सत्संग में ही हमें बोध होता है कि मैं कौन हूं? कहां से आया हूं? मुझे कहां जाना है? मेरा अंतिम ठिकाना कहां है? इत्यादि गूढ़ विषयों का समाधान सत्संग से ही होता है और सत्संग का स्रोत वर्तमान के गुरु , सद्गुरु देव होते हैं। सत्संग और विवेक के अभाव में विचार शून्य होने के कारण हम अपने आप को न जानने के कारण संसार चक्र में ,झूठी मान्यताओं में काल- जाल के मिथ्या प्रपंच में भटकते रहते हैं। गुरु के अभाव में सार - असार ,पाप - पुण्य, मेरा-तेरा और जगत तथा जीवन का बोध नहीं हो सकता ।बिना सत्संग और गुरु के इस भवसागर से पार नहीं हो सकते। संसार में जितने भी महान पुरुष हुए हैं यहां तक की अवतार कहे जाने वाले ब्रह्मा ,विष्णु ,महादेव ,राम,कृष्ण आदि ने भी गुरु किए हैं तभी आदर्श जीवन को प्राप्त कर जगत में पूज्य हुए। करिए नित सत्संग को, बाधा सकल मिटाय। ऐसा अवसर न मिले, दुर्लभ नर तन पाय।। अतः सकल बाधा, द्वंद्व को मिटाकर संत सद्गुरु के शरणागत होकर सत्संग करना चाहिए। इसी में जीवन की पूर्णता है ।जीवन की सार्थकता है । इस पावन अवसर पर केवलारी विधायक माननीय रजनीश हरवंश जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर आयोजन समिति द्वारा सम्मान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया जी, पूर्व विधायक श्री रमेश कुमार जी जैन, नगर परिषद छपारा की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह ठाकुर ,जनपद पंचायत के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ,उपाध्यक्ष प्रभात सिंह ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य श्री जयकेश सिंह ठाकुर ,जिला भाजपा महामंत्री ठाकुर जयदीप सिंह जी ,छपारा मंडल अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह जी ,भगत सिंह वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती सोनल चंदू श्रीवात्री जी ,श्री सूरज लाल जी बंजारा ,श्री गुलाब साहू जी अध्यक्ष जिला साहू संघ सिवनी,श्री आरिफ मोहम्मद खान ,श्री शिव कुमार जी शिवहरे शासकीय ठेकेदार की गरिमामई उपस्थिति रही।

# पलायन करने वाले लोगों को परिषद लघु उद्योग विकास परिषद से जोड़ेगा: ठाकुर

### कविता ने रखी जिलेवासियों की समस्या, सिडिको कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सिवनी।**

लघु उद्योग विकास परिषद जो एक ऐसा संगठन है जो लघु उद्योग कर्मियों को सरकारी लाभों के प्रति जागरूक करने और उन्हे योजनाओं से जुड़कर उनकी स्थिति में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है यह संगठन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के माध्यम से समृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रहा है। लघु उद्योग कर्मियों को अपने क्षमताओं का पूरा उपयोग करके आत्म निर्मर बनाने में मदद करने के लिए, इसने विभिन्न योजनायें शुरू की है उक्त उद्गार जिला मुख्यालय स्थित कनिष्ठा हॉटल में लघु उद्योग विकास परिषद के कार्यालय उद्घाटन में पहुंचे परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.के ठाकुर ने व्यक्त किये। इस अवसर पर सिडिको के संरक्षक अभिनंदन पाठन ने कहा कि लघु उद्योग प्रशिक्षण व जागरूकता योजना एक महत्वपूर्ण पहल है जो लघु उद्योग कर्मियों को उद्यमिता में सामर्थ्य और जागरूकता प्रदान करने का उद्देश्य रखती है यह योजना के अंतर्गत लघु उद्योग कर्मियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उनके क्षेत्र में सुधार करने का अवसर मिलता है यह योजना लघु उद्योग कर्मियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखती है इस योजना के माध्यम से सरकार लघु उद्योग कर्मियों समृद्धि के लिए आवश्यक सामग्री पूंजी और बाजार संबंधित जानकारी प्रदान करके उनकी समरिक स्थिति में सुधार करने में मदद करती है, इससे लघु उद्योग कर्मियों को आर्थिक स्वायत्तता और समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ो का लाभ हो सकता है। परिषद के मैनेजमेंट डारेक्टर अभिषेक कुमार ने कहा कि आजादी के बाद ग्राम को राष्ट्र की महत्वपूर्ण इकाई मानकर ग्राम स्वराज्य की कल्पना की गई थी जो गांव की खुशहाली में ही राष्ट्र की खुशहाली को दिखा रहा था जो नही हो सका लेकिन लघु उद्योग परिषद के अंतर्गत निःशुल्क कढ़ाई सिलाई बुनाई व पेंटिंग का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से लघु उद्योग विकास परिषद गठिन किया गया है। कार्यक्रम में लुघ उद्योग विकास परिषद सिवनी जिले की परिवेक्षिका कविता कहार कहा कि सिवनी जिले में कोई भी बड़ा उद्योग नहीं है बेरोजगारी चरम पर है ऐसे में इस कार्यालय का खुलना वरदान साबित होगा लोग अब अपने परिवार को छोड़कर रोजगार के लिए महानगरों के लिए पलायन नहीं करेंगे। कार्यक्रम का संचालन राजू कहार ने किया। आयोजन में पदम सनोडिया भी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। इस अवसर पर सभी ब्लाकों से आये समन्वयको द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके ठाकुर के कहा कि मै हर ब्लाक के कार्यालय उद्घाटन में अवश्य आऊंगा, इस अवसर पर अरी से दमोदर दोनारकर शामिल थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बिछिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 8 जून दिन रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन स्वामी सीताराम जी महाराज ट्रस्ट, योगिराज हॉस्पिटल मंडला, सहयोगी संस्था बालको मेडिकल सेंटर रायपुर, सिकल केयर सेंटर बिलासपुर, बिछिया के सहयोग चिकित्सीय परामर्श के आधार पर आयोजित किया गया विधायक नारायण सिंह पट्टा नैनपुर से समाज सेवी सत्यनारण खंडेलवाल, ओर उनकी टीम, प्रदीप गोस्वामी , वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र साहू, सुनील गर्ग सहित सभी समाजसेवी बंधुओं के सहयोग से सम्पन्न हुआ। शिविर में सिकल सेल एनीमिया, कैंसर रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, त्वचा रोग सहित अन्य कई बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उपस्थित रही और सैकड़ों लोगों को निःशुल्क उपचार एवं परामर्श दिया गया। उपलब्धता अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई । शिविर में शुगर, थायराइड, x-ray, ब्लड प्रेशर एवं अन्य कई जांचे निःशुल्क की जाकर मरीजों को परामर्श दिया गया। शिविर में मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, सत्यनारायण खंडेलवाल, कमल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी, स्वामी सीताराम जी महाराज ट्रस्ट, योगिराज हॉस्पिटल, बालको अस्पताल, सिकल केयर सेंटर बिलासपुर, बिछिया हॉस्पिटल स्टाफ की समस्त टीम और आयोजक टीम द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप

### 14 जून को गौतम खट्टर का हो रहा मण्डला आगमन



**मण्डला।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर का 14 जून को मंडला आगमन हो रहा है। यहां पर वे एक सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में बताई जा रही है समाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने बताया कि गौतम खट्टर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिन्दू विचार धारा के कार्यकर्ता है जिनके औजस्वी उद्बोधन पूरे देश में चर्चा में बनें रहते हैं। इने हम यूट्यूब फैसबुक इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते आए हैं ऐसे ओजस्वी तेजस्वी वक्ता का 14 जून को मंडला आगमन हर्ष का विषय है। श्रेष्ठ भारत अजेय भारत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री खट्टर आ रहे हैं। यहां पर उनके अन्य कार्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं कार्यक्रम स्थल बंधन मैरीज लोन डिंडोरी रोड में किया गया है। जहां पर कार्यक्रम उपरांत जिले के रक्तदाता और समाजसेवियो का सम्मान भी किया जाएगा।

## क्या राजनैतिक हस्तक्षेप या अधिकारियों की मिलीभगत से दबी फाइल?

# एक साल से ठंडे बस्ते में वार्डनों की नियुक्ति

* कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में पुराने अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में वार्डनों की नियुक्ति में हो रही लंबी देरी ने विभागीय अधिकारियों और शिक्षा व्यवस्था की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगभग 10 माह पूर्व समग्र शिक्षा अभियान (सेकंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत जिले के सात विकासखंडों के छात्रावासों में वार्डन पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।




### पुराने अधीक्षक अब भी कुर्सी पर काबिज

जहां शासन के नियम अनुसार तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही स्थान पर कार्यरत अधीक्षकों को स्थानांतरित किया जाना चाहिए, वहीं जिले में वर्षों से जमे पुराने वार्डन अब भी पद पर बने हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि यह देरी राजनीतिक हस्तक्षेप या अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम है, जिससे यह प्रक्रिया ठंडे बस्ते में डाल दी गई है।

### अधिकारियों के परस्पर विरोधी बयान

करीब चार-पांच माह पूर्व जब एडीपीसी (रमसा) के जिला शिक्षा अधिकारी एल.एस. मसराम से इस विषय में पूछताछ की गई तो उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया विभागीय आपत्तियों के कारण रुकी हुई है, परंतु फरवरी 2025 तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। अब मई बीत जाने के बाद भी कोई प्रगति नहीं होना, संदेह को और गहरा करता है। इसी विषय में डीपीसी समग्र शिक्षा अभियान (सेकंडरी) श्रीमती मुन्नी बरकडे का भी यही कहना था कि भर्ती प्रक्रिया में विलंब हुआ है, लेकिन नए सत्र के पहले इसे पूर्ण किया जाएगा। अब जबकि जून से कक्षाएँ प्रारंभ होने जा रही हैं, नियुक्ति प्रक्रिया अभी भी अधर में लटकी हुई है। दोनों अधिकारियों के परस्पर विरोधी बयानों से विभागीय योजनाओं की अस्पष्टता और निष्क्रियता सामने आती है।

### छात्रावास संचालन पर पड़ रहा असर

वार्डन की नियुक्ति में हो रही इस देरी से छात्रावासों के संचालन की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। लंबे समय से कार्यरत वार्डन नई सोच और कार्यशैली अपनाने में असफल रहे हैं, जिससे बालिकाओं की शिक्षा व रहन-सहन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की हो रही मांग

शासन को चाहिए कि वह इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप करते हुए वार्डनों की नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ शीघ्र पूर्ण करे। साथ ही वर्षों से जमे पुराने वार्डनों को नियमानुसार हटाया जाए, ताकि छात्रावासों के संचालन में नया दृष्टिकोण लाया जा सके और छात्राओं के भविष्य को बेहतर बनाया जा सके।

***इनका कहना है:-***

*आगामी स्थाई शिक्षा समिति की बैठक मे यह मामला रखकर कर निष्कर्ष निकलते हुए, जून तक छात्रावासों मे नयी अधीक्षिकाओं की नियुक्तियों को फाईनल रूप दिया जावेगा।*

***इंजी.कमलेश तेकाम***
***उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति जिला पंचायत, मण्डला***

## भारत की पहली आधुनिक वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लिनिक का शुभारंभ

# संस्कारधानी वासियों को मिलेंगी आधुनिकतम श्रवण स्वास्थ्य सुविधाएं



**जबलपुर।** जटिल से जटिल श्रवण समस्याओं का निदान अब एक ही छत के नीचे संभव है। संस्कारधानी ही नहीं समूचे भारत की सबसे आधुनिक क्लिनिक का शुभारंभ रविवार शाम को जबलपुर में हुआ। अतिथियों ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर की शान बनेगा, इसने स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टि से जबलपुर को महानगरों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। खास बात ये है कि यहां हर वर्ग स्वास्थ्य लाभ उठा सकता है, शासकीय योजनाओं का लाभ भी इस क्लिनिक के माध्यम से उठाया जा सकता है।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके कौल ने फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसे मध्यभारत का ही नहीं बल्कि समूचे भारत की आधुनिक क्लीनिक कहना गलत नहीं होगा। मेरी आशा है कि संस्कारधानीवासी और आसपास के लोग यहां आकर बेहतर स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे उन्हें सारी सुविधाएं मिलेंगी। अतिथि विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह क्लिनिक जबलपुर के लिए एक बड़ी सौगात है। अतिथि बीजेपी नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू की विशेष उपस्थिति रही। रसल चौक, बराट रोड समदड़िया होटल के समीप स्थित क्लिनिक के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट व स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. विशाल मेहरा,अविनाश पवार, एमडी एंड सीईओ डब्ल्यू एस ऑडियोलॉजी, किशलय चक्रवर्ती, बिजनेस हेड सिग्निया, अक्षय गुप्ता असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट हिअर डॉट कॉम, मोहन स्वामी हेड ऑडियोलॉजिस्ट डबल्यू ऑडियोलॉजी, प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास दौरासला, ईएनटी सर्जन और प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट के साथ ग्लोडेट यूनिवर्सिटी की फॉर्मर प्रोफेसर डॉ. संयोक्ता जायसवाल और वाणी स्पीच एंड हियरिंग क्लीनिक की एमडी डॉ सोनल मेहरा मौजूद रहीं।

# पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया; मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### विभिन्न राज्यों में छापेमारी में 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नकली कृषि रसायन ज़ब्त

**जबलपुर।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकर्ताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज़्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज़्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए। जांच में पता चला कि चेचानी की बस्सी में माहेश्वरी बीज एवं कीटनाशक नाम से एक दुकान भी है। वह कथित तौर पर देश भर में विभिन्न उल्लंघनकर्ताओं को पैकेजिंग सामग्री और तैयार नकली उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता था। यह गिरफ्तारी कीटनाशक अधिनियम के तहत एलबी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर संख्या 831/2024 से हुई है। जुलाई 2024 में हैदराबाद में एक उल्लंघनकर्ता ई राजेश के गोदाम से नकली कीटनाशकों की खोज के बाद। आगे की जांच में कई राज्यों में चेचानी के खिलाफ दर्ज कई आपराधिक मामलों का पता चला है, जो उसके ऑपरेशन की व्यापक पहुंच और बार-बार किए गए अपराधों को उजागर करता है।

## महिष्मती घाट में संस्कृति चौकी की उठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपार श्रद्धा और भक्ति से निर्मित माहिष्मती घाट, जो धार्मिक पूजा-पाठ एवं स्नान आदि जैसे पवित्र कार्यों के लिए जाना जाता है, आजकल अपनी मूल पहचान से भटकता नजर आ रहा है। भारी राशि खर्च कर बनाए गए इस घाट का उपयोग इन दिनों वाहनों की धुलाई के लिए किया जा रहा है। यह दृश्य न केवल आस्था के साथ खिलवाड़ है, बल्कि घाट की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घाट के एक निश्चित क्षेत्र को माहिष्मती घाट के नाम से चिन्हित किया गया है, लेकिन पूरे परिसर को इसी नाम से पहचाना जा रहा है। फिलहाल घाट के दो हिस्सों में, विशेषकर वनस्पति क्षेत्र के पास, लगातार गाड़ियों की धुलाई देखी जा सकती है। फोटो और प्रत्यक्षदर्शी नागरिकों के अनुसार, यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है।

## बीजों के सिंपल भेजे जायेगे जॉच के लिए, पूछताछ के लिए 2 व्यक्ति पुलिस अभिरक्षा में

# मेंहदीवाड़ा में अमानक धान बीज की पैंकिंग व बिक्री की आशंका पर गोदाम सील





हरिभूमि न्यूज बालाघाट/वारासिवनी।

बालाघाट जिले के कटंगी तहसील के ग्राम बोथवा में गत दिनों अमानक धान बीज का भंडार बरामद होने के बाद वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेंहदीवाड़ा में रविवार को अमानक धान बीज की पैंकिंग व बिक्री के संदेह में राजस्व व कृषि विभाग के अमले ने छापामार कार्यवाही कर भारी तादाद में बोरियों में भरे हुए धान बीज बरामद किया और उसके बाद गोदाम को सील कर दिया। वहीं गोदाम में बोरियों में पैंकिंग किए जा रहे धान बीज के सेंपल भी अधिकारियों द्वारा लिए गए हैं, जिन्हें जॉच के लिए भेजा जायेगा।

विदित हो कि खरीफ मौसम की धान की फसल के लिये किसानों में धान बीज की भारी मॉग के चलते नकली अमानक धान बीज की पैंकिंग तथा उसकी बिक्री किये जाने की लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर मृणाल मीणा ने प्रशासनिक अधिकारियों सहित कृषि विभाग के अधिकारियों को इस मामले में कड़ी नजर रखने की हिदायत दी थी।

### बुनकर सोसायटी के भवन में चल रहा था बीज पैंकिंग का कार्य

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर वारासिवनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेंहदीवाड़ा में बुनकर सोसायटी के किराये के भवन में नकली अमानक धान बीज बनाने वाली नरहरी प्राइवेट एग्री लिमिटेड के गोदाम और कार्यालय में छापा मारा गया। जहां हजारों क्विंटल अमानक धान बीज एवं बीज बनाने के लिये प्रयुक्त होने वाली धान की सामग्री बरामद की गई है। उसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया हैं। धान बीज पैंकिंग का यह कारोबार ग्राम मेंहदीवाड़ा में स्थित बुनकर सोसायटी के भवन को किराये पर लेकर उसमें किया जा रहा था। इस कार्यवाही में वारासिवनी एसडीएम राजीव रंजन पाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी, कृषि विस्तार अधिकारी प्रतिभा टेंभरे, थाना प्रभारी हेमंत नायक सहित राजस्व, पुलिस व कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

### भोपाल की कंपनी के नाम से पैंकिंग हो रहे थे धान बीज

कार्यवाही के दौरान मौके पर एक मेटाडोर भी मिली, जिसमें स्थानीय स्तर पर खरीदी गई धान भरी हुई थी। गोदाम में ग्रेडर मशीन, तुलाई मशीन और अन्य उपकरण पाये गये। इसके अलावा नरहरि प्राइवेट लिमिटेड 761 न्यू बसेरा कोटरा सुलतानाबाद के नाम के छापे खाली प्लास्टिक बैग भी भारी मात्रा में पाये गये, जिसमें नरहरि रिसर्च पेडी सीड्स का नाम मुद्रित है। नरहरि प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर टुथफुल टेग भी भारी मात्रा में बरामद हुये है। फैक्ट्री के गोदाम तथा कार्यालय को सील कर दिया गया है।

### 2 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने लिया अभिरक्षा में

इस सिलसिले में फर्म के संचालक रविन्द्र बिसेन शेरपार, भूमेश्वर पटले ग्राम खोलटोला टेकाडी को पुलिस ने पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया हैं। इस फर्म में दो अन्य भागीदार भी हैं, जो मौके पर नहीं मिले।

### 2 वर्षो से चल रहा था धान बीज पैंकिंग का कार्य

बताया गया है कि यह फैक्ट्री 2 वर्षो से नरहरि के नाम पर अमानक धान बीज की पेंकिग और बिक्री का कार्य कर रही है। पता चला है कि अमानक धान की पेंकिग कर आसपास के जिलों में सप्लाई की जाती रही है, इसी सीजन में लगभग 150 मेट्रिक टन धान बीज बेचा जा चुका है।

### बीज विक्रेताओं में हडक़ंप

यह उल्लेखनीय हैं कि समूचे जिले में इस तरह का कारोबार कुटीर उद्योग की तरह चलाया जा रहा हैं। ऑनलाइन लाइसेंस की प्रक्रिया के आड़ में फर्जी नामों से लाइसेंस लेकर पैंकिंग की जा रही है। कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश पर की गई आज की कार्यवाही अब तक की जाने वाली सबसे बड़ी कार्यवाही है। इस कार्यवाही से बीज विक्रेताओं में हडकंप मच गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएचसी में पौधारोपण किया गया

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र किरनापुर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वर्ष चौबे और विभाग के जिला स्तर के अधिकारियों ने आम, अमरूद, गुलमोहर, नीम, सिंदूर, चमेली, चम्पा, रातरानी, अशोक और पदम जैसे विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। इस दौरान सीएचसी के कर्मचारियों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. ऋत्विक पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विक्रम सिंह ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी श्री शैलेष कुमार और अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

## 10 अवैध कॉलोनियों का मामला : टैक्स भर रहे पर सुविधाएं नहीं, ग्रीन पार्क और सिटी होम्स के निवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कलेक्टर न्यायालय ने 10 कॉलोनियों को अवैध घोषित किया है। इनमें कॉलोनाइजर शिवशंकर बिसेन की ग्रीन पार्क और सिटी होम्स कॉलोनी भी शामिल हैं। नर्मदा नगर क्षेत्र की इन कॉलोनियों के निवासी नगरपालिका को नियमित रूप से टैक्स दे रहे हैं।

कॉलोनी में वर्तमान में 16 परिवार रह रहे हैं। कॉलोनाइजर ने अब तक 60-65 प्लॉट बेच दिए हैं। निवासियों का कहना है कि उन्हें कोई बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कॉलोनाइजर ने प्लॉट बेचते समय सीसी रोड, गार्डन, बिजली और पानी की सुविधाएं देने का वादा किया था। कॉलोनीवासी ब्रजेश हजारी के अनुसार, गार्डन की जगह तक नहीं बताई गई है। पानी की टंकी का वादा भी पूरा नहीं हुआ। निवासियों को खुद नलकूप खनन कराना पड़ा है। वे टी.सी. कनेक्शन से बिजली का उपयोग कर रहे हैं, जिससे उन्हें अधिक बिल का भुगतान करना पड़ रहा है। कॉलोनाइजर शिवशंकर बिसेन ने फोन पर चर्चा में कहा कि उन्होंने सिर्फ सड़क का वादा किया था, जो पूरा कर दिया है। अन्य किसी सुविधा का वादा नहीं किया था।

निवासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि कॉलोनाइजर पर कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। प्रशासन की ओर से मानवीय आधार पर कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

## जून माह जिले के लिए मलेरिया निरोधक माह

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. किरण जुनेजा द्वारा शनिवार को मलेरिया निरोधक जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सीएमएचओ कार्यालय से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि मलेरिया माह जून 2025 के अंतर्गत जनजागरूकता रथ जिले के विभिन्न विकासखंड के मलेरिया प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रो का भ्रमण कर आडियो सन्देश व पाम्पलेट के माध्यम से जनसामान्य को जागरूकता किया जाएगा।

## 32 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले की मॉयल नगरी भरवेली में एक 32 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। सुधीर शेंद्रे का शव उसके कमरे में फांसी पर लटका मिला। घटना रविवार को हुई। भरवेली पुलिस ने शव को बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सुधीर मजदूरी का काम करता था। माता-पिता की मृत्यु के बाद वह अकेला रहता था। उसका बड़ा भाई नरेश अपनी पत्नी के साथ पास के घर में रहता है। नरेश के अनुसार सुधीर शराब का आदी था। घटना से एक दिन पहले भी वह शराब पीकर घर आया था।

अगले दिन जब सुधीर को आवाज दी गई और कोई जवाब नहीं मिला, तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा। उन्होंने सुधीर को फांसी के फंदे पर लटका पाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

भरवेली पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### शिविर मे बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले के कुल 412 कैडेट्स हुए शामिल

## एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-99 का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




6 मप्र स्वतंत्र कंपनी एनसीसी बालाघाट के आफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के तत्वाधान में चल रहें एनसीसी के दस दिवसीय 99वां संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। शिविर संचालन के लिए असिसटेंट कमिश्नर श्री राहुल नायक, ट्राइबल एवं पी के अंगुरे, प्राचार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट (गोंगलई) को विशेष आभार व्यक्त किया। शिविर मे बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले के कुल 412 कैडेट्स सम्मिलित हुए। बताया गया कि 07 जून 2025 को सांयकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छिंदवाड़ा तथा बालाघाट जिले के विभिन्न एनसीसी संस्थाओं से आये हुए कैडेट्स प्रतिभागी थें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य में कैडेट अवनी पाण्डे, सेंट मैरी स्कूल बालाघाट, समूह नृत्य में प्रथम स्थान जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी, इसी प्रकार द्वितीय स्थान साकेत स्कूल लांजी तथा तृतीय स्थान शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय बालाघाट ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य श्री पी.के. अंगुरे जी का आभार व्यक्त किया गया।


क्लोसिंग एड्रेस के अवसर पर कमान अधिकारी ने सभी कैडेटस को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होने जो इस कैम्प में सीखा है, उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करे, आगे बढे, लक्ष्य निर्धारित करे एवं उसे पाने के लिये निरंतर प्रयास करते रहे। अधिकारी ने सभी ए न . सी . सी आ फि स र , पी.आईस्टाफ एवं समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया जिनके अथक प्रयास से यह कैम्प अपने उद्देश्य को पाने में सफल रहा। कमान

इस कैम्प को सतत एवं सफल बनाने में डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट कैप्टन हेमंत कुमार मण्डाले, कैम्प एजुटेन्ट कैप्टन आर.एस. कुशराम, एनसीसी अधिकारी, मो० आबिद, डॉ गजानन कटरे, रामलाल डहेरिया, कंचन महाजन, ओम एम खोण्ड, खिलेन्द्र बिसेन, संदीप रामटेक्कर, नविता मैथ्यू, अन्नु राहंगडाले, खिलेश्वरी भगत तथा प्रशिक्षक सूबेदार जोगिन्दरलाल, सी.एच.एम. मनोहरलाल, हवलदार बिमल दहल, रसपाल सिंह, हंसराज, कोश बहादुर, यम बहादुर, नायक रजनीश एवं जीसीआई विद्या बिसेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आपत्ति के बाद माननीय अतिथियों ने जे एन कंसोटिया द्वारा बुलाई गई असंवैधानिक आमसभा का पूर्ण रूप से किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

म.प्र.अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांताध्यक्ष चौ.मुकेश मौर्य एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष डॉ.घनश्याम परते ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आखिर वही हुआ जो होना था । वो कहते हैं ना कि ₹काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती₹, मध्य प्रदेश अजाक्स में चले आ रहे लंबे गतिरोध के बाद अपने आप को पुनर्स्थापित करने तथा अपनी की गई वित्तीय एवं प्रबंधकीय अनियमितताओं को छुपाने के उद्देश्य से अजाक्स के पूर्व प्रांत अध्यक्ष जे एन कंसोटिया ने अपने पद तथा प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हुए प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव बनाकर एक प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन भोपाल में किया ताकि उनके प्रति उपजा जनआक्रोश तथा कर्मचारियों के अंतरविरोध का डैमेज कंट्रोल कर सकें । मध्य प्रदेश गृह विभाग के सचिव होने के नाते प्रदेश के बड़े चेहरों को सामने लाकर अपनी धूमिल होती छवि को पुनः साफ सुथरा करने के उद्देश्य से जे एन कंसोटिया ने गांधी भवन भोपाल में एक बैठक का आयोजन तो कर लिया लेकिन वर्तमान अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य के प्रति अपनी निष्ठा रखने वाला तथा उनकी कार्य प्रणाली से प्रभावित प्रदेश का अधिकांश कर्मचारी वर्ग कंसोटिया के इस मंसूबे को समझ चुका था। बात जब बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को दरकिनार कर लगभग 20 से अधिक वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कुंडली मारकर बैठने की हो अथवा लाखों रुपए के गबन आरोप की हो, प्रदेश का बुद्धिजीवी अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी वर्ग इस बात को भली भांति समझ चुके था कि जे एन कंसोटिया ने जिस तरह अभी तक पूरे प्रदेश के कर्मचारियों को झांसा देकर अपने राजनीतिक तथा




वैयक्तिक स्वत्वों को साधने का जो काम किया था उसे कर्मचारी वर्ग अब सुधारना चाहता था और इसी कारण दिनांक 8 जून को आहुत बैठक में अधिकांश कर्मचारियों ने भाग न लेकर न सिर्फ कंसोटिया के मुंह पर तमाचा मारा है बल्कि उनकी मंशा में पानी फेरते हुए उन्हें आईना भी दिखा दिया है ।उपमुख्यमंत्री जैसे वरिष्ठ दायित्ववान राजनेताओं को अंधेरे में रखकर कार्यक्रम के आतिथ्य के लिए भले ही आमंत्रण दे दिया हो लेकिन उनकी करतूत की कालिख ने इन अतिथियों को मानो शामिल होने से ही रोक लिया और इसीलिए इस कार्यक्रम में कोई भी वरिष्ठ राजनेता तथा सामाजिक जनप्रतिनिधि ने शामिल न होकर सभी ने उनसे दूरियां बनाए रखी ।सत्य का साथ देने के लिए तथा प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारियों की भावनाओं का सम्मान करने के लिये माननीय उपमुख्यमंत्री जी माननीय श्री जगदीश देवड़ा जी, माननीय मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट जी तथा माननीय राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर जी जैसे वरिष्ठ सामाजिक जनप्रतिनिधियों का अजाक्स के प्रांताध्यक्ष चौ.मुकेश मौर्य एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष डॉ.घनश्याम परते, स्टेट संगठन समीक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष पेंशनर एसोसिएशन अजाक्स श्री रामकिशोर दाहिया, मुख्य स्टेट समन्वयक श्री श्याम लाल डोहरिया सहित अजाक्स के सम्पूर्ण कर्मचारी जगत ने हार्दिक आभार व्यक्त किया है ।

## बारिश से पहले गड्ढे खोदने, स्थल चयन और प्रोटेक्ट की तैयारी करने के निर्देश

**बालाघाट।** इस वर्ष बारिश के दौरान पौधारोपण प्रोटेक्ट पौधरोपण की तर्ज पर होगा। इसकी तैयारियां भी उसी स्तर से हो रही है कि शत प्रतिशत पौधें जीवित रहे और उपयोगी साबित हो। शनिवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने करीब 15 विभागों के साथ पौधारोपण की तैयारियों की समीक्षा तथा इसके लिए रणनीति बनाई है। सभी विभागों को बारिश से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस स्थान पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है क्या वो पूरी तरह सुरक्षित है ? यानी बाउंड्रीवाल या ट्री-गार्ड यूक्त हो सकेगा ? यदि ऐसी व्यवस्था है तो ही पौधारोपण किया जाए। इसके साथ ही उस संख्या में गड्ढे खोदे जाएं ताकि बारिश में पर्याप्त जल उस गड्ढे में आये और नमीयुक्त होकर पौधों के पनपने को अवसर मिले। इसके साथ ही जिन नर्सरियों से पौधें लेना है, उनसे संपर्क कर लिया जाए। विभागों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 243537 पौधें लगाए जाएंगे। इसमें वन विभाग सहित अन्य विभाग शामिल नहीं है। हालांकि अभी ये संख्या बढ़ भी सकती है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, एडीएम श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री मधुवंत राव धुर्वे, श्री एमआर कोल सहित विभागों के विभाग प्रमुख मौजूद रहे।

## केसीसी के 31 प्रकरण किये तैयार, कुमादेही में सम्पन्न हुआ पशुपालन केसीसी शिविर

**बालाघाट।** पशुपालको को केसीसी योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालन केसीसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक डॉ एनडी पूरी के मार्गदर्शन में शनिवार को विकासखंड परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम कुमादेही में भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों की प्रतियोगिता का का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के साथ ही केसीसी के 31 प्रकरण तैयार किये गए।

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA M.Sc.(CS)
DCA PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com